प्रारूप अंतिम रिपोर्ट

फ़ास्ट ट्रैक के लिए **सिफ़ारिशें**

टिप्पणी के लिए प्रकाशित

कृपया ध्यान दें: यह अंतिम रिपोर्ट का पहला प्रारूप है और इसे टिप्पणी और सुझाव के लिए प्रकाशित किया गया है. यह दस्तावेज़ IDNC कार्य समूह द्वारा साइन ऑफ़ नहीं किया गया है जो अपनी टिप्पणियाँ और सुझाव देना जारी रखेगा.

विषय सूची

1. कार्यकारी सारांश पृष्ठ 3

2. परिचय पृष्ठ 4

3. मार्गनिर्देशक सिद्धांत पृष्ठ 5

4. फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया पृष्ठ 6

    चरण 1 अधिकार-क्षेत्र में फ़ास्ट ट्रैक के लिए तैयारी करना पृष्ठ 6

    चरण 2 अपेक्षित तत्परता पृष्ठ 9

    चरण 3 **IDN ccTLD** की नियुक्ति पृष्ठ 12

5. अल्पसंख्यक विचार पृष्ठ 12

6. सिफ़ारिशों का सिंहावलोकन पृष्ठ 14

7. पृष्ठभूमि IDNC WG तथा प्रक्रिया पृष्ठ 15

परिशिष्ट अ: उच्च स्तर प्रक्रिया फ़्लो चित्र पृष्ठ 18

सिफ़ारिशें IDNC कार्यकारी समूह

1. कार्यकारी सारांश

ICANN बोर्ड द्वारा IDNC WG को समग्र नीति विकसित करते समय, समीप्य सत्र मांग को पूरा करने के लिए, ISO 3166-1 द्वि-अंकीय कोड से संबद्ध, अविवादित IDN ccTLDs की सीमित संख्या प्रस्तावित करने हेतु प्रणालियों की सिफ़ारिश करने का कठिन कार्य सौंपा गया.

IDNC WG का कार्यक्षेत्र उन उचित विधियों के विकास तक सीमित है (IDN ccTLD की सीमित संख्या के परिचय के लिए), जो IDN ccPDP के नीति परिणामों का पूर्व क्रय न करती हों.

IDNC WG ने फ़ास्ट ट्रैक के लिए तीन-चरण की प्रक्रिया विकसित की है तथा इसकी सिफ़ारिश करता है. यह प्रक्रिया इसके चार्टर में परिभाषित बढ़ती हुई आवश्यकताओं तथा प्रक्रिया के उन बहुत से मार्गनिर्देशक सिद्धांतों, जिन पर IDNC WG सहमत है, पर आधारित है तथा इन्हें ध्यान में रखती है.

प्रक्रिया:

अधिकार-क्षेत्र फ़ास्ट ट्रैक में प्रवेश के लिए तैयारी करता है

1. लिपि तथा भाषा की पहचान करें
2. स्ट्रिंग चुनें
3. ज्ञात भाषा/लिपि तथा स्ट्रिंग वाले अधिकार-क्षेत्र में अनुमोदन का दस्तावेज़ बनाएँ.
4. IDN ccTLD प्रबंधक नियुक्त करें/चुनें तथा दस्तावेज़ीकरण अनुमोदन/समर्थन तथा प्रत्यायोजन अनुरोध भेजने के लिए आवश्यक अन्य आइटम तैयार करें
5. प्रयोग की जाने वाली भाषा तालिका बनाएँ

अपेक्षित तत्परता

1. भाषा तालिका चयनित स्ट्रिंग तथा संबंधित दस्तावेज़ीकरण के IANA भंडार & प्रस्तुतीकरण में भेजें.
2. चयनित स्ट्रिंग की 'तकनीकी समिति' तथा 'भाषा विज्ञान विशेषज्ञ सलाहकार पैनल' द्वारा अपेक्षित तत्परता.
3. ICANN वेबसाइट पर चयनित स्ट्रिंग प्रकाशित करें

प्रत्यायोजन प्रक्रिया

1. वर्तमान IANA प्रक्रियाओं के अनुसार प्रत्यायोजन का अनुरोध करें

2. परिचय

फ़ास्ट ट्रैक का उद्देश्य निकट अवधि माँग की पूर्ति के लिए एक अल्प समय क्षेत्र में ISO 3166-1 द्वि-अंकीय कोड से संबद्ध अविवादास्पद IDN ccTLD की सीमित संख्या प्रस्तुत करना है. IDNC WG का कार्यक्षेत्र उन उचित विधियों के विकास तक सीमित था (IDN ccTLD की सीमित संख्या के परिचय के लिए), जो IDN ccPDP के नीति परिणामों का पूर्व क्रय न करती हों.

उचित विधियाँ विकसित करने में कार्यकारी समूह को स्थायित्व और सुरक्षा की बढ़ती हुई आवश्यकताओं; IDNA प्रोटोकॉल्स और IDN दिशानिर्देश; IDN को लागू करने के लिए तकनीकी समुदाय के सुझाव; और ccTLD प्रदान करने के लिए वर्तमान कार्यप्रणालियों को ध्यान में रखने तथा इनसे दिशानिर्देशित होने की आवश्यकता थी.

IDNC WG अपनी प्रक्रिया विकसित करते समय वर्तमान IDNA प्रोटोकॉल के होने वाले मौजूदा पुनरीक्षण तथा संशोधनों से परिचित है (RFC 4690, इसके बादः IDNA 2003). IDNC WG इससे भी परिचित है कि सिफ़ारिश की गई फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया का क्रियांवयन उस संशोधन के परिणाम पर निर्भर हो सकता है (IDNA*bis*, कार्य जारी है, आगे: IDNA 2008).

प्रारूप की आरंभिक रिपोर्ट पर टिप्पणी के लिए, उन विषयों के बारे में बात करने के लिए, जिन्हें कवर किए जाने की आवश्यकता है, IDNC WG प्रकाशित किया गया है.

IDNC WG ने प्रणाली के बारे में बात करने के लिए एक प्रारूप अंतरिम रिपोर्ट प्रकाशित की.

जैसा कि आरंभिक तथा अंतरिम रिपोर्ट में निर्धारित किया गया है, फ़ास्ट ट्रैक के लिए दो विशिष्ट प्रक्रियाओं की आवश्यकता हैः

1. IDN ccTLD स्ट्रिंग के चयन के लिए कोई प्रक्रिया; और
2. किसी IDN ccTLD प्रबंधक को नियुक्त करने के लिए कोई प्रक्रिया.

बहुत से सामान्य मार्गनिर्देशक सिद्धांत (अनुभाग 3) विकसित किए गए हैं, जो बढ़ती हुई आवश्यकताओं के साथ संयोजित होकर प्रक्रिया के लिए स्थितियाँ संरचित, मार्गनिर्देशित तथा निर्धारित करते हैं. ये सिद्धांत आरंभिक तथा अंतरिम रिपोर्ट पर प्राप्त लिए गए मौलिक सुझाव पर आधारित हैं तथा इन्हें ध्यान में रखते हैं.

प्रक्रिया अनुभाग 4 में प्रस्तुत की गई है. यह तीन चरण का एक तरीका है, जिसकी योजना स्वतः-मूल्यांकन और फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया के अंतर्गत IDN ccTLD प्रदान करना उचित है या नहीं इसका निर्धारण करने हेतु अधिकार-क्षेत्र में प्रासंगिक कार्यकर्ता बनाने के लिए तथा IDN ccTLD के लिए किसी स्ट्रिंग का चयन करने हेतु प्रासंगिक स्टेकहोल्डरर्स सक्षम करने के लिए और उन्हें प्रदान करने के अनुरोध के योग्य बनाने के लिए बनाई गई है. प्रणाली (उच्च स्तर पर) प्रक्रिया में शामिल कार्यकर्ताओं के क्रियाकलापों, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को विवेचित करती है. ऐसा अनुमान लगाया जाता है कि इसे ICANN स्टाफ़ द्वारा क्रियान्वयन के मामले के रूप में आगे विवेचित करने की आवश्यकता होगी.

IDNC WG इस बात से परिचित है कि सिफ़ारिश की गई प्रणाली को क्रियान्वित करने हेतु सिफ़ारिशों को क्रियान्वित करने के लिए कुछ वर्तमान प्रक्रियाओं और कार्यप्रणालियों, जैसे संग्रह के रख-रखाव से संबंधित कार्यप्रणालियों तथा IDN तालिका के लिए आवश्यकताओं, को परिवर्तित करने की आवश्यकता हो सकती है यद्यपि, इन प्रक्रियाओं की पहचान करना या परिवर्तनों का सुझाव देना क्रियान्वयन का मामला समझा जाता है.

IDNC WG सिफ़ारिश करता है कि फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए व्यक्तिगत अधिकार-क्षेत्र के हित की जानकारी प्राप्त करने के लिए, क्रियान्वयन योजना के भाग के रूप में जानकारी का अनुरोध (RFI) सभी अधिकार-क्षेत्रों को भेजा जाए. फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत IDN ccTLD के योग्य होने के लिए, यद्यपि, RFI में सहभागिता आवश्यक नहीं होनी चाहिए. ऐसा सुझाव दिया जाता है कि RFI प्रक्रिया के माध्यम से कम से कम निम्नलिखित पर प्रासंगिक जानकारी एकत्रित की जाएः फ़ास्ट ट्रैक में सहभागिता के लिए अधिकार-क्षेत्र की रुचि और यदि ऐसा है तो कौन सी भाषा/लिपि पर विचार किया गया है तथा कौन सी स्ट्रिंग का चयन किया गया है. इसके अलावा उस समयावधि का संकेत जिसमें अधिकार-क्षेत्र के लिए फ़ास्ट ट्रैक दर्ज करना उपयोगी हो सकता है. ऐसा सुझाव दिया जाता है कि ICANN द्वारा गोपनीय आधार पर जानकारी एकत्रित की जाए. यद्यपि अधिकार-क्षेत्र जानकारी सार्वजनिक करने का चयन कर सकता है. सभी अधिकार-क्षेत्रों से संपर्क किया जाना चाहिए.

कार्यकारी समूह के सदस्यों के वैकल्पिक विचार अनुभाग 5 में दिए गए हैं.

रिपोर्ट की समाप्ति विशिष्ट सिफ़ारिशों (अनिभाग 6) तथा IDNC WG और प्रक्रिया की पृष्ठभूमि जानकारी (अनुभाग 7) के सिंहावलोकन के साथ होती है. प्रस्तावित प्रक्रिया के विभिन्न तत्वों तथा वे एक दूसरे से कैसे व्यवहार करते हैं, के बारे में पाठक को जानकारी देने में सहायता के लिए, रिपोर्ट में एक उच्च स्तर प्रक्रिया फ़्लो चित्र (अनुबद्ध अ) शामिल है.

3. मार्गनिर्देशक सिद्धांत

IDNC WG ने विभिन्न टिप्पणी अवधि के दौरान मौलिक सुझाव पर आधारित निम्नलिखित मार्गनिर्देशक सिद्धांत स्थापित किए हैं:

अ: सतत चलने वाली प्रक्रिया

फ़ास्ट ट्रैक एक सतत प्रक्रिया होनी चाहिए जिससे एक चयनित IDN ccTLD प्रबंधक (जिन्हें आगे कहा गया है: चयनित प्रतिनिधि) तैयार होने पर फ़ास्ट ट्रैक में प्रवेश कर सके. ICANN बोर्ड द्वारा संपूर्ण IDN ccTLD नीति अंगीकृत किए जाने पर, फ़ास्ट ट्रैक की उपलब्धता समाप्त हो जानी चाहिए.

आ: संपूर्ण नीति का पूर्व-निर्धारण न करना

फ़ास्ट ट्रैक अंतिम IDN ccTLD नीति का पूर्व-निर्धारण करने वाला नहीं होना चाहिए, अतः इसे एक सरल, स्पष्ट और सीमित समाधान होना चाहिए.

इ: अत्यधिक माँग की पूर्ति करना फ़ास्ट ट्रैक का उद्देश्य है

फ़ास्ट ट्रैक केवल उसी अधिकार क्षेत्र में उपलब्ध होना चाहिए, जहाँ अत्यधिक माँग है. फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत IDN ccTLD के परिचय के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु अधिकार क्षेत्र में चयनित प्रतिनिधि की तैयारी और योग्य स्टेकहोल्डर्स की आसानी से उपलब्धता इस माँग के अस्तित्व का प्रमाण है. IDN ccTLD के उपयोग और तैयारी प्रदर्शित करने के लिए अधिकार क्षेत्र को तैयार रहने की आवश्यकता है.

ई: केवल गैर-लैटिन लिपियों के लिए फ़ास्ट ट्रैक

IDN ccTLDs के लैटिन लिपि में प्रत्यायोजित होने की संभावना एक ऐसा मामला है जिस पर ccPDP के एक हिस्से के रूप में विचार किया जाएगा. तदनुसार, फ़ास्ट ट्रैक में, ccPDP परिणाम के पूर्व-निर्धारण से बचने के लिए, लिपि गैर-लैटिन लिपि होनी चाहिए.

उ: प्रस्तावित स्ट्रिंग और प्रदान करने का अनुरोध, अधिकार-क्षेत्र के अंतर्गत अविवादास्पद होना चाहिए

किसी IDN ccTLD का प्रत्यायोजन फ़ास्ट ट्रैक में केवल तभी संभव हो पाएगा, जब अधिकार-क्षेत्र के भीतर IDN ccTLD स्ट्रिंग अविवादास्पद हो तथा चयनित प्रतिनिधि का अधिकार-क्षेत्र के भीतर ओहदा, अविवादास्पद हो. यह अधिकार-क्षेत्र के भीतर मौजूद प्रासंगिक स्टेकहोल्डर्स के समर्थन/अनुमोदन द्वारा अधिकार-क्षेत्र के नाम के एक अर्थपूर्ण निरूपण के रूप में चयनित स्ट्रिंग के लिए तथा चयनित प्रतिनिधि के लिए प्रमाणित किया गया है.

ऊ: फ़ास्ट ट्रैक प्रायोगिक स्वभाव का है

IDN ccTLDs का परिचय प्रायोगिक स्वभाव का है तथा फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत नाम प्रत्यायोजित करते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए. यद्यपि, इसका यह अर्थ नहीं निकालना चाहिए कि फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत प्रत्यायोजन अस्थाई होगा.

ए. फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत IDN ccTLDs की संख्या निर्धारण का मानदंड

IDN ccTLD स्ट्रिंग के चयन और IDN ccTLD प्रबंधक की नियुक्ति के मानदंड में उचित IDN ccTLD की संख्या का निर्धारण होना चाहिए, स्वेच्छिक रूप से सेट की गई संख्या का नहीं.

4. फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया

अवस्था 1: अधिकार-क्षेत्र में फ़ास्ट ट्रैक के लिए तैयारी करना

फ़ास्ट ट्रैक के अंतर्गत योग्यता रखने के लिए अधिकार-क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय मानक ISO 3166-1 पर सूचीबद्ध होना चाहिए, देशों के नामों तथा उनके उपखंडों के प्रतिनिधित्व के लिए कोड – भाग 1: देश कोड (जिन्हें आगे कहा गया है: अधिकार-क्षेत्र)

प्रक्रिया का यह भाग अधिकार-क्षेत्र में स्थानीय कार्यकर्ताओं द्वारा संपादित किया जाना चाहिए. सामान्यतौर पर इसमें शामिल होगा:

- चयनित प्रतिनिधि: सामान्यतः प्रक्रिया आरंभ करता है तथा आवश्यक जानकारी और दस्तावेज़ीकरण प्रदान करता है
- IDN ccTLD से संबद्ध प्रासंगिक लोक अधिकारी.

- IDN ccTLD द्वारा प्रदान किए गए पक्ष. इंनसे यह दर्शाने के लिए कहा जाएगा कि वे अनुरोध का समर्थन करते हैं तथा जो स्थानीय इंटरनेट समुदाय के हितों तथा आवश्यकताओं को पूरा करता है

(देखें: http://www.iana.org/domains/root/delegation-guide/):

1. स्ट्रिंग तथा भाषा तालिका के लिए भाषा और लिपि पहचानना.

भाषा और लिपि पहचानने के मानदंड हैं:

- भाषा एक ‘आधिकारिक’ भाषा होनी चाहिए
- निरूपित भाषा की लिपि गैर-लैटिन होनी चाहिए

आधिकारिक भाषा मानदंड

फ़ास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए, कोई 'आधिकारिक' भाषा वह है जिसका अधिकार-क्षेत्र में कानूनी दर्जा हो या वह प्रशासन की भाषा के रूप में काम आती हो (आगे. आधिकारिक भाषा).

यह परिभाषा इस पर आधारित है: “Glossary of Terms for the Standardization of Geographical Names”, United Nations Group of Experts on Geographic Names, संयुक्त राज्य, न्यूयॉर्क, 2002.

भाषा एक आधिकारिक भाषा के रूप में दर्शाई जाती है:

a. यदि “भौगोलिक नामों के मानकीकरण के लिए तकनीकी संदर्भ मैन्युअल”, भौगोलिक नामों के लिए विशेषज्ञों का संयुक्त राष्ट्र दल (UNGEGN मैन्युअल) (http://unstats.un.org/unsd/geoinfo/default.htm) के भाग 3 में ISO 639 भाषा के रूप में कोई भाषा प्रासंगिक अधिकार-क्षेत्र के लिए सूचीबद्ध हो; या
b. यदि भाषा स्तंभ 9 या 10 के अंतर्गत ISO 3166-1 मानक में उचित अधिकार-क्षेत्र के लिए एक प्रशासनिक भाषा के रूप में सूचीबद्ध हो; या
c. यदि अधिकार-क्षेत्र में प्रासंगिक लोक अधिकारी यह पुष्टि करता हो कि प्रासंगिक लोक अधिकारी के आधिकारिक संदेशों में इस भाषा का उपयोग किया गया है और यह प्रशासन की भाषा के रूप में काम आती है.

यदि प्रदेश में एक से अधिक कार्यालयीन भाषाएँ हों, तो प्रदेश के लिए IDN ccTLD के किसी प्रतिनिधित्व हेतु फ़ास्ट ट्रैक का उपयोग उस प्रत्येक भाषा में करना संभव हो सकता है.

लिपि से संबंधित आवश्यकताएँ

फ़ास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए एक गैर-लैटिन लिपि वह लिपि है जो US-ASCII में कोड किए गए लैटिन वर्णमाला के 26 वर्णों -- a-z -- पर आधारित न हो.

2. स्ट्रिंग चुनें

चयनित स्ट्रिंग को अर्थपूर्णता तथा तकनीकी आवश्यकताओं का पालन करना चाहिए.

अर्थपूर्णता आवश्यकता

फ़ास्ट ट्रैक के उद्देश्य के लिए प्रयोग की गई स्ट्रिंग आधिकारिक भाषा में अर्थपूर्ण होनी चाहिए.
- कोई स्ट्रिंग अर्थपूर्ण होती है यदि यह कार्यालयीन भाषा में है तथा:

  a) अधिकार-क्षेत्र का नाम है; या
  b) अधिकार-क्षेत्र के नाम का कोई भाग जो उस भाषा में अधिकार-क्षेत्र के बारे में बताता हो; या
  c) अधिकार-क्षेत्र के नाम का संक्षिप्त-रूप पद, जो उस भाषा में इसे पहचाने जाने वाले तरीके से बताता हो

जब प्रस्तावित स्ट्रिंग UNGEGN मैन्युअल के भाग 3, स्तंभ 3 या 4 में प्रासंगिक अधिकार-क्षेत्र के दीर्घ या संक्षिप्त रूप नाम की तरह सूचीबद्ध की गई हो, तभी स्ट्रिंग को अर्थपूर्ण माना जाना चाहिए. यदि स्ट्रिंग इस तरह सूचीबद्ध नहीं की गई है तो अर्थपूर्णता को IDN ccTLD के चयनित प्रतिनिधि द्वारा दस्तावेज़ीकरण करने की आवश्यकता होगी.

समान लिपि का प्रयोग करने वाले अधिकार-क्षेत्र, यदि वे चाहें, तो प्रासंगिक IDN ccTLD स्ट्रिंग के चयन पर एक दूसरे से परामर्श ले सकते हैं.

तकनीकी आवश्यकताएँ

- लेबल IDNA2008 प्रोटोकॉल के अनुसार हो तथा इसका अनुपालन करता हो
- अक्षरों या [सम्मिलन] चिह्नों के रूप में Unicode में पहचाने जाने वाले वर्णों के अलावा किसी वर्ण का प्रयोग न किया जाए

- उन वर्णों का प्रयोग न किया जाए जो सुसंगत समतुल्यों के रूप में तथा केवल उन स्ट्रिंग्स के रूप में पहचाने जाते हैं जो NFC-अनुपालक हैं
- किसी भी नामी या अनियमित अंकों का प्रयोग (किसी भी लिपि में) न किया जाए
- किसी भी अनुलग्नक या अन्य अदृश्य वर्णों का प्रयोग न किया जाए
- लिपियों का सम्मिलन न हो
- प्रस्तावित स्ट्रिंग IDNA2003 और IDNA2008 दोनों के लिए मान्य है
- ASCI में तीन वर्णों से छोटे नामों का तथा गैर-ASCII में दो वर्णों से छोटे नामों का प्रयोग न किया जाए
- यह दर्शाया जाए कि प्रयोग करते समय, IDN-ccTLD हेतु भाषा तालिका के लिए चयन की गई भाषा और लिपि अधिकार-क्षेत्र में एक "आधिकारिक" भाषा है, बिना प्रयोग की जा रही भाषा तालिका के साथ संयोजन में प्रस्तावित TLD से संबद्ध हुए, जब भाषा तालिका के साथ कार्यरत होने पर URL, ईमेल पतों आदि में समस्याएँ पैदा न करती हो.

3. ज्ञात भाषा तथा लिपि तथा चयनित स्ट्रिंग के लिए अधिकार-क्षेत्र में कार्यकर्ताओं द्वारा अनुमोदन/समर्थन का दस्तावेज़ बनाएँ.

यह प्रस्तावित किया जाता है कि स्ट्रिंग के चयन के संबंध में अधिकार-क्षेत्र के भीतर मौजूद प्रासंगिक कार्यकर्ताओं की प्रतिभागिता का उसी तरह से दस्तावेज़ीकरण किया जाना चाहिए जैसा कि चयनित प्रतिनिधियों द्वारा दिए गए अनुरोध के लिए आवश्यक है. (देखें <http://www.iana.org/domains/root/delegation-guide/>)

यह भी सिफ़ारिश की जाती है कि चयनित प्रतिनिधि अपेक्षित तत्परता अवस्था के आरंभ में प्रासंगिक दस्तावेज़ीकरण प्रदान करें.

4. भाषा तालिका बनाना

भाषा/लिपि तालिका तैयार करने की आवश्यकताओं तथा उद्देश्य के लिए अवस्था 2 अपेक्षित तत्परता, चरण 1 तथा चरण 2 देखें.

IDN ccTLD द्वारा प्रयोग की जाने वाली भाषा/लिपि तालिका पहले से ही मौजूद हो सकती है जैसे समान भाषा/लिपि का प्रयोग करके दूसरे अधिकार-क्षेत्र द्वारा तैयार की गई

हो तथा पहले ही भेज दी गई हो. ऐसी स्थिति में चयनित प्रतिनिधि को उस भाषा/लिपि तालिका को प्रयोग करने के उद्देश्य का संकेत देना चाहिए.

समान लिपि का प्रयोग करने वाले अधिकार-क्षेत्रों को, IDN दिशानिर्देशों के अनुसार, भाषा लिपि तालिका विकसित करने में प्रतिभागिता के लिए प्रोत्साहित किया जाता है.

5. अभीष्ट IDN ccTLD प्रबंधक का चयन करना

ccTLD के प्रत्यायोजन के लिए वर्तमान प्रथाओं के अनुसार (अधिक जानकारी के लिए देखें: http://www.iana.org/domains/root/delegation-guide/)

अवस्था **2:** ***अपेक्षित तत्परता***

चरण 1. भाषा तालिका को IANA संग्रह में भेजें

जब तक चयनित प्रतिनिधि संकेत नहीं करता है कि वह आधिकारिक भाषा के लिए भाषा/लिपि तालिका का प्रयोग करना चाहता है, जो पहले से ही IANA संग्रह में है, संग्रह के रख-रखाव तथा IDN तालिका की आवश्यकताओं से संबंधित प्रथाओं के अनुसार भाषा/लिपि तालिका IANA में भेजी जानी चाहिए (वर्तमान प्रथाओं के लिए देखें: http://www.iana.org/procedures/idn-repository.html. जैसा कि प्रस्तावना में बताया गया है सिफ़ारिशों को लागू करने के लिए इस प्रथा को नवीनीकृत करने की आव्श्यकता हो सकती है).

चरण 2 अपेक्षित तत्परता

अ. आवश्यक स्थान

ICANN बोर्ड TLD को प्रत्यायोजित करने के अंतिम निर्णय के लिए उत्तरदायी है. फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया मानदंड की एक श्रृंखला निर्धारित करती है जो ICANN बोर्ड द्वारा प्रत्यायोजन अनुमोदित होने के लिए आवश्यक रूप से पूरी होनी चाहिए. यद्यपि, यह उचित नहीं समझा जाता है कि ICANN बोर्ड आवश्यक रूप से इस बात की पुष्टि करे कि कोई चयनित स्ट्रिंग तकनीकी या अर्थपूर्ण मानदंड पूरे करती है. इसलिए अपेक्षित तत्परता को

अंजाम देने तथा बोर्ड को रिपोर्ट करने के लिए एक बाह्य तथा स्वतंत्र "तकनीकी समिति" तथा "भाषा विशेषज्ञ सलाहकारी पैनल (LEAP)" को नियुक्त करना चाहिए.

अनावश्यक देरी से बचने के लिए तथा प्रभावशीलता के कारणों से, LEAP की रिपोर्ट तथा तकनीकी समिति प्रक्रिया के आरंभ में उपलब्ध होनी चाहिए (अवस्था 2 के अंत में).

ब. तकनीकी समिति

1. भूमिका तथा उत्तरदायित्व: बोर्ड को बाह्य तथा स्वतंत्र परामर्श प्रदान करने के लिए, कि चयनित प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त दस्तावेज़ीकरण पर आधारित, चयनित स्ट्रिंग तकनीकी मानदंड को पूरा करती है. यदि स्पष्टीकरण के लिए अनुरोध के बाद भी तकनीकी समिति यह पाती है कि चयनित स्ट्रिंग एक या अधिक मानदंडों को पूरा नहीं करती है, तो फ़ास्ट ट्रैक के भीतर उस विशेष चयनित स्ट्रिंग के साथ IDN ccTLD का अनुरोध मान्य नहीं है.

2. आवश्यक दस्तावेज़ीकरण

चयनित प्रतिनिधि की आवश्यक जानकारी:

- चयनित भाषा तथा लिपि में चयनित स्ट्रिंग:
- xn--- स्वरूप में चयनित स्ट्रिंग; तथा
- UNICODE कोड बिंदु.
- प्रयोग की गई भाषा और लिपि का संदर्भ;
- ASCII ccTLD स्ट्रिंग तथा अधिकार-क्षेत्र का नाम जिससे IDN-ccTLD संबद्ध है;
- TLD तथा TLD के भीतर प्रत्यायोजनों दोनों के लिए प्रयोग की जाने वाली भाषा तालिका (अपेक्षित तत्परता चरण 1 देखें).

3. अपेक्षित तत्परता तकनीकी समिति

चयनित स्ट्रिंग मानदंड को पूरा करती है यह तब समझा जाता है जब तकनीकी समिति स्थापित करती है कि स्ट्रिंग, ऊपर दी गई अवस्था 1, अनुभाग 2, तकनीकी आवश्यकता में परिभाषित मानदंड को पूरा करती है.

यदि आवश्यक हो तो तकनीकी समिति चयनित प्रतिनिधि से और स्पष्टीकरण मांग सकती है.

*4. तकनीकी समिति **की संरचना***

तकनीकी समिति ICANN बोर्ड द्वारा नियुक्त की जानी चाहिए, तथा इसे ICANN संरचना से बाहर तथा स्वतंत्र होना चाहिए.

चयनित प्रतिनिधि को सहायता करने के उद्देश्य से, जब तकनीकी समिति स्ट्रिंग के कुछ पहलुओं पर स्पष्टीकरण मांगती है तो तकनीकी समिति को परामर्श के लिए ज्ञात स्वतंत्र तकनीकी विशेषज्ञों के समूह तक पहुँच वाले चयनित प्रतिनिधि प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए.

स. भाषाविज्ञान विशेषज्ञ सलाहकार पैनल

1. भूमिका तथा उत्तरदायित्व: बोर्ड को बाह्य तथा स्वतंत्र परामर्श प्रदान करने के लिए, कि प्रस्तावित प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त दस्तावेज़ीकरण पर आधारित, प्रस्तावित स्ट्रिंग “अर्थपूर्ण" है तथा मानदंड के अनुसार “आधिकारिक” भाषा के भीतर है. LEAP को किसी प्रस्तावित स्ट्रिंग को रोकने या वीटो करने का अधिकार नहीं है. उनका कार्य चयनित प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त दस्तावेज़ीकरण पर आधारित अपेक्षित तत्परता की जाँच तक सीमित है.

2. अपेक्षित तत्परता

चयनित स्ट्रिंग मानदंडों का पालन करती है, यह तब माना जाता है जब.

1. ज्ञात भाषा ऊपर अवस्था 1, अनुभाग 1 में दी गई परिभाषा के अनुसार अधिकार-क्षेत्र की एक “आधिकारिक” भाषा/लिपि हो

तथा

2. चयनित स्ट्रिंग UNGEGN मैन्युअल की चयनित भाषा में अधिकार-क्षेत्र के नाम का बड़ा या संक्षिप्त रूप हो.

अन्य सभी मामलों में LEAP को अपनी अपेक्षित तत्परता के लिए चयनित प्रतिनिधि द्वारा प्रदत्त दस्तावेज़ीकरण पर विचार करना चाहिए.

अन्य मामलों में शामिल हैं:

(i) चयनित स्ट्रिंग चयनित भाषा में UNGEGN मैन्युअल में अधिकार-क्षेत्र के नाम का बड़ा या संक्षिप्त रूप का एक भाग हो या

(ii) उस नाम का संक्षिप्त रूप या

(iii) UNGEGN मैन्युअल में अधिकार-क्षेत्र या भाषा प्रदर्शित न हो.

जब प्रस्तुत दस्तावेज़ीकरण में भाषा विशेषज्ञों की एक रिपोर्ट शामिल होती है कि चयनित स्ट्रिंग मानदंडों का पालन करती है तो LEAPs की अपेक्षित तत्परता इसके द्वारा दिशानिर्देशित होनी चाहिए.

यदि आवश्यक हो तो LEAP चयनित प्रतिनिधि से और स्पष्टीकरण मांग सकती है.

3. LEAP की संरचना

LEAP को ICANN संरचना से बाहर तथा स्वतंत्र होना चाहिए. ICANN में 5 ज्ञात भाषाविज्ञान विशेषज्ञ (प्रत्येक ICANN भौगोलिक क्षेत्र से एक) तथा अपेक्षित तत्परता की पृष्ठभूमि वाला एक स्वतंत्र चेयर होना चाहिए.

अधिकार-क्षेत्र को सहायता करने के उद्देश्य से, जब स्पष्टीकरण आवश्यक हो तो LEAP को परामर्श के लिए ज्ञात स्वतंत्र भाषा विशेषज्ञों के समूह तक पहुँच वाले अधिकार-क्षेत्र प्रदान करने में सक्षम होना चाहिए, यदि चयनित प्रतिनिधि द्वारा ऐसा अनुरोध किया गया हो.

चरण 3. अपेक्षित तत्परता अवस्था का प्रकाशन परिणाम

यह सिफ़ारिश की जाती है कि जैसे ही तकनीकी समिति तथा LEAP का परामर्श उपलब्ध हो ICANN को अपनी वेबसाइट पर ज्ञात भाषा तथा अन्य स्वरूपों में चयनित स्ट्रिंग प्रकाशित करे और इसका साक्ष्य दिया जाता है कि चयनित स्ट्रिंग अधिकार-क्षेत्र में प्रासंगिक स्टेकहोल्डर्स द्वारा समर्थित/अनुमोदित हो.

अवस्था **3:** ***IDN ccTLD की नियुक्ति***

प्रदान करने के लिए अनुरोध

- वर्तमान IANA कार्यप्रणालियों के अनुसार

IDNC WG के विचार में IDN ccTLD के प्रत्यायोजन से संबंधित कोई भी अतिरिक्त आवश्यकताएँ नहीं हैं. IDN ccTLD का प्रत्यायोजन, प्रत्यायोजन की वर्तमान प्रथाओं के अनुसार होना चाहिए.

5. वैकल्पिक विचार

इस घोषणापत्र के अनुसार किन्हीं भी अल्पसंख्यक स्थानों को IDNC WG (मसौदा) अंतिम रिपोर्ट में सम्मिलित किया जाना चाहिए. इस खंड में ये विचार प्रस्तुत किए गए हैं, तथा इनमें खंड 3 तथा 4 में मौजूद खंड का एक संदर्भ भी समाविष्ट है, प्रस्तावकर्ता की संबद्धता तथा WG के उन सदस्यों के नाम जो अल्पसंख्यक स्थिति का समर्थन करते हैं. कृपया ध्यान दें कि यह एक मसौदा रिपोर्ट है, जिसे समुदाय को सूचना देने हेतु निर्मित किया गया है. जिस प्रकार चर्चा जारी रहेगी, वैसे ही रिपोर्ट का यह हिस्सा विशेष रूप से परिवर्तन के प्रति संवेदनशील रहेगा.

प्रत्येक वैकल्पिक विचार प्रस्तावकर्ता की सीधी उक्ति है.

1. सिद्धांत E पर वैकल्पिक स्थिति:
"किसी IDN ccTLD का प्रत्यायोजन फ़ास्ट ट्रैक (द्रुतमार्ग) में केवल तभी संभव हो पाएगा, जब चयनित प्रतिनिधि का प्रदेश के भीतर ओहदा अविवादास्पद हो. इसका साक्ष्य, प्रदेश में मौजूद सुसंगत निष्पक्ष लोगों के द्वारा चयनित प्रतिनिधि को अनुमोदन/समर्थन कर दिया जाएगा. जिस IDN ccTLD स्ट्रिंग को प्रस्तावित किया गया है, उसे इंटरनेट की सुरक्षा तथा स्थिरता हेतु, प्रदेश के भीतर अविवादास्पद होना चाहिए. इसका साक्ष्य, प्रदेश के भीतर मौजूद सुसंगत निष्पक्ष लोगों द्वारा इसका समर्थन/अनुमोदन कर दिया जाएगा कि स्ट्रिंग प्रदेश के नाम का एक अर्थपूर्ण निरूपण है तथा यह कि इंटरनेट समुदाय के लिए सुरक्षा तथा स्थिरता का अनुरक्षण बना रहेगा".

GNSO की ओर से, यह स्थिति एडमन चुंग, IDNC WG सदस्य द्वारा प्रस्तावित, संबद्धता: .एशिया

2. सिद्धांत E पर वैकल्पिक स्थिति:
"वर्तमान ccTLD प्रथाओं तथा GAC ccTLD सिद्धांतों से अनुकूलता बनाए रखना

एक अन्य वैकल्पिक विचार समझता है कि GAC ccTLD सिद्धांतों सहित ccTLD प्रथाओं के उपलब्ध प्रलेखन के आधार पर, जब कि यह स्वीकार किया जाता है कि किसी ccTLD का प्रतिनिधित्व तदनुरूप प्रदेश के भीतर का मामला होना चाहिए, ccTLD स्ट्रिंग के चयन

की वर्तमान प्रथा स्पष्टतया अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से स्थापित की गई है. और स्पष्ट रूप से कहा जाए तो, वर्तमान ccTLD प्रथा कोई ऐसी प्रणाली नहीं है जिसके माध्यम से प्रत्येक प्रदेश ICANN को एक विशेष दो-अक्षरी स्ट्रिंग प्रस्तावित करता है, किंतु इसके बजाय ISO 3166-1 मानक की प्रक्रिया का अनुगमन करता है. IDN ccTLD फ़ास्ट ट्रैक,
एक नई विधि से परिचय कराएगा जिसे वर्तमान ccTLD प्रथाओं के समरूप नहीं कहा जा सकता. इसलिए, अनुरक्षण जारी रखना महत्वपूर्ण है, जैसा कि IDNC WG घोषणापत्र व्यक्त करता है, कि फ़ास्ट ट्रैक में प्रस्तुत IDN ccTLD को अविवादास्पद होना चाहिए."

GNSO की ओर से, यह स्थिति एडमन चुंग, IDNC WG सदस्य द्वारा प्रस्तावित, संबद्धता: .एशिया

3. सिद्धांत E पर वैकल्पिक स्थिति:
किसी देश/क्षेत्र के भीतर फ़ास्ट ट्रैक में किसी IDN ccTLD का अविवादित रहना

"एक वैकल्पिक विचार यह है कि फ़ास्ट ट्रैक हेतु IDN ccTLD स्ट्रिंग को केवल प्रदेश के भीतर ही अविवादास्पद नहीं होना चाहिए. क्योंकि सभी ccTLDs नहीं
(उदा. ISO 3166-1 मानक में मौजूद प्रविष्टियों की सूची), स्वतंत्र अस्तित्व वाले
देश हैं, अतः किसी तदनुरूप देश, क्षेत्र या प्रदेशों के समूह के भीतर अविवादास्पद पर विचार करना उपयोगी हो सकता है."

ccNSO की ओर से, यह स्थिति झियांग जियान, IDNC WG सदस्य द्वारा प्रस्तावित, संबद्धता: CNNIC

4. "टिप्पणियों का प्रबंधन करने हेतु प्रणाली

एक वैकल्पिक विचार यह है कि फ़ास्ट ट्रैक प्रक्रिया में IDN ccTLD में टिप्पणियों को प्रारंभ में ही प्रबंधित करना लाभदायक हो सकता है. प्रणाली को उन संभावित मुद्दों को अनुमत करना चाहिए जो इंटरनेट के तकनीकी तथा सामाजिक ढाँचे की सुरक्षा तथा स्थिरता को ऐसे प्रभावित करते हैं, जिससे उसे उन्नत करने और तत्पश्चात् संपूर्ण प्रक्रिया की कार्यक्षमता तथा पारदर्शिता को सुधारने हेतु संबोधित करना पड़ता है.".

GNSO की ओर से, यह स्थिति एडमन चुंग, IDNC WG सदस्य द्वारा प्रस्तावित, संबद्धता: .एशिया

5. "IDN मानकों तथा ICANN IDN मार्गनिर्देशों के अनुपालन का प्रवर्तन

जब कि समूह यह मानकर चलता है कि ICANN तथा फ़ास्ट ट्रैक IDN ccTLD के मध्य किसी वैधानिक व्यवस्था वाले मुद्दे को स्थापित करना चाहिए यह IDNC WG घोषणापत्र के कार्यक्षेत्र के बाहर है, एक वैकल्पिक विचार समझाता है कि IDN को नियोजित करने के लिए पड़ने वाली तकनीकी आवश्यकताओं में बाढ़ आ जाने पर विचार करते हुए, इस रिपोर्ट को, ICANN को इस बात पर तुरंत अपनी समझ व्यक्त करने हेतु प्रोत्साहित करना चाहिए, कि फ़ास्ट ट्रैक IDN ccTLD, IDN मानकों तथा ICANN IDN मार्गनिर्देशों का अनुपालन करना जारी रखेगा.
इसके अतिरिक्त, ऐसी समझ व्यक्त करने से, एक बार स्थापित हो जाने पर फ़ास्ट ट्रैक IDN ccTLD से ccPDP IDN प्रक्रिया में सुगम अवस्थांतर सुनिश्चित हो जाएगा".

GNSO की ओर से, यह स्थिति एडमन चुंग, IDNC WG सदस्य द्वारा प्रस्तावित, संबद्धता: .एशिया

6. सुझावों का अवलोकन

सुझाव 1
फ़ास्ट ट्रैक एक निरंतर चलने वाली वाली प्रक्रिया होनी चाहिए, जो ICANN बोर्ड द्वारा संपूर्ण IDN ccTLD नीति अंगीकृत किए जाने के समय समाप्त होती हो.

सुझाव 2
फ़ास्ट ट्रैक एक तीन चरण वाली प्रक्रिया होनी चाहिए:
चरण 1 प्रदेश में तैयारी
यह चरण तब समाप्त होता है जब चयनित प्रतिनिधि निम्नलिखित जमा करता है:

- मान्यताप्राप्त भाषा में IDN ccTLD हेतु चयनित स्ट्रिंग, उस स्ट्रिंग का एक xn--- निरूपण, तथा UNICODE कोड बिंदुओं में एक निरूपण, एवं संबंधित प्रलेखन;
- मान्यताप्राप्त भाषा/लिपि के लिए भाषा/लिपि तालिका, एवं संबंधित प्रलेखन.

अवस्था **2:** सुरक्षा यत्र

यह चरण चयनित प्रतिनिधि द्वारा चयनित स्ट्रिंग तथा संबंधित प्रलेखन, तथा भाषा/लिपि तालिका एवं संबंधित प्रलेखन जमा करने से प्रारंभ होता है.

यह चरण मान्यताप्राप्त भाषा में चयनित स्ट्रिंग, तथा xn—प्रारूप के ICANN वेबसाइट पर प्रकाशन के साथ समाप्त होता है. प्रकाशन तकनीकी समिति की रिपोर्ट की समाप्ति, LEAP की रिपोर्ट की समाप्ति तथा चयनित स्ट्रिंग हेतु प्रदेश में मौजूद सुसंगत निष्पक्ष लोगों द्वारा प्रमाणित अनुमोदन/समर्थन पर निर्भर करता है.

चरण 3. प्रतिनिधित्व अनुरोध

यह चरण चयनित प्रतिनिधि द्वारा वर्तमान IANA प्रथाओं के अनुसार प्रतिनिधित्व के लिए अनुरोध के साथ प्रारंभ होता है. प्रतिनिधित्व हेतु इस प्रकार के किसी अनुरोध को उस समय जमा किया जा सकता है जब चयनित स्ट्रिंग ICANN वेबसाइट पर प्रकाशित होती है.

सुझाव 3

एक IDN ccTLD स्ट्रिंग को, प्रदेश के नाम का, उस प्रदेश की किसी मान्यताप्राप्त कार्यालयीन भाषा में एक अर्थपूर्ण निरूपण होना चाहिए. प्रदेश को “अंतर्राष्ट्रीय मानक ISO 3166-1 में सूचीबद्ध होना चाहिए, देश तथा उनके उपप्रभागों के नाम के निरूपण हेतु कोड – भाग एक: देश कोड”.

सुझाव 4

यदि प्रदेश में एक से अधिक कार्यालयीन भाषाएँ हों, तो प्रदेश के लिए IDN ccTLD के किसी प्रतिनिधित्व हेतु फ़ास्ट ट्रैक का उपयोग उस प्रत्येक भाषा में करना संभव हो सकता है.

सुझाव 5

चयनित स्ट्रिंग को तकनीकी तथा अर्थपूर्णता के मापदंडों का पालन करना चाहिए.

सुझाव 6

अनुमति योग्य कोड बिंदुओं के साथ, सुसंगत IDNA प्रोटोकॉल तथा IDN मार्गनिर्देशों के अंतर्गत एक भाषा/लिपि तालिका (वर्तमान संस्करण के लिए देखें: http://www.icann.org/general/idn-guidelines-22feb06.htm) को संग्राहक के अनुरक्षण,

तथा एक IDN तालिका हेतु निर्दिष्ट आवश्यकताओं से संबंधित प्रथाओं के अनुसार, IANA के पास जमा करना होगा.

सुझाव 7

तकनीकी तथा भाषा संबंधी सुरक्षा यत्नों के उद्देश्य हेतु चयनित प्रतिनिधि को निम्नलिखित जमा करना होगा:

- कार्यालयीन भाषा में,लिखित रूप में, चयनित अर्थपूर्ण स्ट्रिंग.
- xn--- प्रारूप में;
- UNICODE कोड बिंदु; तथा
- सुरक्षा यत्न को सक्षम करने के लिए अन्य सुसंगत, संबंधित प्रलेखन.

सुझाव 8

ICANN मंडल को एक "तकनीकी समिति" नियुक्त करना चाहिए, जो ICANN संरचना से बाहर तथा स्वतंत्र हो एवं मंडल की ओर से तकनीकी सुरक्षा यत्न निष्पादित कर सके.

सुझाव 9

ICANN मंडल को एक भाषा विशेषज्ञों का सलाहकार पैनल (LEAP) नियुक्त करना चाहिए, जो ICANN संरचना से बाहर तथा स्वतंत्र हो एवं मंडल की ओर से चयनित स्ट्रिंग की अर्थपूर्णता पर सुरक्षा यत्न निष्पादित कर सके.

सुझाव 10

एक बार जब कि तकनीकी समिति तथा LEAP ने अपने सुरक्षा यत्न पूरे कर लिए हों तो ICANN को मान्यताप्राप्त भाषा तथा अन्य प्रारूपों में स्ट्रिंग को प्रकाशित करना चाहिए.

7. पृष्ठभूमि IDNC WG तथा प्रक्रिया

जून 2007 में सैन जुआन में हुई बैठक में, ICANN मंडल ने अन्य विषयों के मध्य यह स्पष्ट किया कि"… GNSO, ccNSO, GAC तथा ALAC सहित ICANN समुदाय, मुद्दों की प्रकाशित सूची तथा वे प्रश्न जिन्हें संबोधित करना इसलिए आवश्यक है ताकि उन ccTLDs के भीतर आगे बढ़ा जा सके जो ISO3166-1 दो-अक्षरी कोड के साथ संबद्ध हैं, इन पर मंडल को प्रतिसाद प्रदान करेगा. यह सब कुछ इस रीति से किया जाए जिससे इंटरनेट की सुरक्षा तथा स्थिरता का क़ायम रहना सुनिश्चित हो सके" इसके अतिरिक्त,

"…मंडल ने यह अनुरोध भी किया कि तकनीकी सीमाओं तथा आवश्यकताओं पर विचार किया जाएगा, ताकि उन IDN ccTLDs तक अंतरिम तथा एक समग्र पहुँचमार्ग का अन्वेषण किया जा सके जो ISO 3166-1 दो-अक्षरी कोड से संबद्ध हैं तथा मंडल को सामयिक रीति से इस पर कार्यवाही करने का सुझाव दिया जा सके."

इसके प्रतिसादस्वरूप, ccNSO परिषद ने 2 अक्तूबर 2007 को हुई अपनी बैठक में, यह अनुरोध किया कि एक मुद्दा रिपोर्ट यह स्थापित करने के लिए तैयार की जाए कि ccNSO को उन IDN ccTLDs, जो कि ISO 3166-1 दो अक्षरी कोड से संबद्ध हैं, के लिए चयन तथा प्रतिनिधित्व हेतु नीति विकसित करने के लिए PDP लॉन्च(प्रारंभ) करना चाहिए अथवा नहीं. ऐसी अपेक्षा की जा रही है कि एक मसौदा मुद्दा रिपोर्ट जून 2008 में ccNSO परिषद को प्रदान की जाएगी. यदि ccNSO परिषद एक PDP प्रारंभ करने का संकल्प लेता है, तो विभिन्न ICANN निर्वाचन-क्षेत्रों द्वारा विकसित मुद्दापत्र तथा उत्तर ccPDP के लिए एक इनपुट(सुझाव) का काम करेंगे.

ccNSO ने दो चर्चा प्रलेख भी जारी किए हैं जो IDN ccTLDs तक एक संभावित अंतरिम पहुँचमार्ग के संदर्भ में हैं: "एक अंतरिम पहुँचमार्ग अभिकल्पित करना" तथा "घोषणापत्र IDNC". अन्य विषयों के मध्य, GAC द्वारा इन प्रलेखों की चर्चा लॉस एंजिलीस में हुई बैठक में की गई थी तथा विज्ञप्ति ने फ़ास्ट ट्रैक मार्ग के प्रति GAC के समर्थन की पुनःपुष्टि की थी तथा एक IDN कार्यकारी समूह बनाने की ccNSO परिषद की प्रस्तावना का स्वागत किया था. GAC इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से लिप्त होने के लिए सहमत हो गया.

लॉस एंजिलीस में हुई अपनी बैठक में मंडल chartered तथा एक संयुक्त IDNC कार्यकारी समूह (IDNC WG) ने IDNC कार्यकारी समूह की रूपरचना करने तथा इस समूह में सदस्य नियुक्त करने हेतु ccNSO, GNSO, GAC, ALAC, तथा SSAC के अध्यक्षों को निमंत्रित किया. IDNC WG का कार्य यदि हों तो, ऐसी संभव विधियों का विकास करना तथा उन पर रिपोर्ट देना है, जो सामयिक रीति से, सीमित संख्या में अविवादास्पद IDN ccTLDs के प्रवेशन को सक्षम बनाएंगी, जिससे इंटरनेट की सुरक्षा तथा स्थिरता क़ायम रहे जब कि एक व्यापक दीर्घ-कालीन IDN ccTLD नीति को विकसित किया जा रहा हो. 14 दिसंबर को IDNC WG को स्थापित किया गया था (IDNC WG की सदस्यता: देखें http://www.ccnso.icann.org/workinggroups/idncwg.htm).

1 फरवरी 2008, IDNC WG ने सार्वजनिक टिप्पणी हेतु एक “Discussion Draft of the Initial Report” (DDIR) तथा ICANN समुदाय से प्राप्त इनपुट पोस्ट किया . DDIR ने “फ़ास्ट ट्रैक” प्रक्रिया तथा और व्यापक दीर्घ-कालीन प्रक्रिया IDN ccPDP के मध्य संबंध को स्पष्ट किया. एक IDN ccTLD तथा IDN ccTLD प्रबंधक का चयन करने के लिए रिपोर्ट में दो प्रणालियों की पहचान की गई. घोषणापत्र से सहमत होते हुए उन प्रणालियों को निम्नलिखित मापदंडों के भीतर विकसित करना था:

- * DNS की सुरक्षा और स्थिरता संरक्षित करने की बढ़ती हुई आवश्यकता;
- * IDNA प्रोटोकॉल्स का अनुपालन;
- * IDN लागू करने के संदर्भ में तकनीकी समुदाय द्वारा इनपुट तथा परामर्श; तथा
- ccTLDs के प्रतिनिधित्व हेतु वर्तमान प्रथाएँ, जिनमें वर्तमान IANA प्रथाएँ भी शामिल हैं.

11 फरवरी 2008 को, नई दिल्ली, भारत में हुई ICANN की बैठक के दौरान, DDIR पर चर्चा करने के लिए एक सार्वजनिक कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा उस प्रलेख पर एक टिप्पणी काल भी प्रारंभ किया गया.

अभी हाल ही में IDNC WG ने IDNC WG पद्धति का पहला मसौदा एक Interim Report के रूप में निर्मित किया है तथा इसे भी सार्वजनिक टिप्पणी हेतु उपलब्ध कराया गया है. इस पद्धति पर (1-3 अप्रैल 2008) को दुबई, यूएई में हुई ICANN की क्षेत्रीय बैठक में, 7 मई 2008 को बर्लिन में हुई RIPE बैठक में, तथा 22 मई को कुआलालम्पुर, मलेशिया में हुई APTLD में चर्चाएँ आयोजित की गईं. एक अंतिम IDNC WG बैठक पेरिस में होने वाली ICANN बैठक में निर्धारित की गई है.

IDNC WG ने स्वयं कई रू-ब-रू बैठकों का संचालन किया है (दो नई दिल्ली में हुई ICANN की बैठक के दौरान तथा जिनेवा में 12 मई 2008 को हुई बैठक शामिल हैं). IDNC WG ने नई दिल्ली की बैठक से लेकर पेरिस तक कई सम्मेलन आह्वानों का भी संचालन किया है. इन आह्वानों की रिकॉर्डिंग्स यहाँ पर उपलब्ध हैं:
http://www.ccnso.icann.org/calendar/.

परिशिष्ट अ: उच्च स्तर प्रक्रिया प्रवाह आरेख


Territory prepares to enter the FT process
Identify script(s) and language(s)
Select the string(s)
Prepare variant table(s)
Select TLD manager(s)
Document endorsement from territory
Document endorsement from script(s) community/ies
Document endorsement from territory (accordance with IANA procedure)
enter
enter
Due Dilligence & Delegation Request
1. Submit delegation request information to ICANN incl:
- string, variant table, related documentation
Decision for continuance
no
End of request
Yes: Provide more information
Request for more information from requestor
2a. Linguistic Expert Advisory Panel review
2b. Technical Committee review
Requirements verified
Requirements not verified
Communication to the requestor
3. Publish string on ICANN website
Collection of Board material & verification
enter
IANA Delegation Process